निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

19 चैत्र 1937 (श0)

(सं0 पटना 466) पटना, वृहस्पतिवार, 9 अप्रील 2015

जल संसाधन विभाग

————————

अधिसूचना

17 मार्च 2015

सं0 22/नि0सि0(सम0)–02–08/2009/658—श्री विभूति नाथ झा, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, दरभंगा के विरूद्व उक्त प्रमण्डलान्तर्गत वर्ष 2007–08 में प्रथम चरण में संपादित जमींदारी बांधों के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में बरती गयी अनियमितता की जॉच उड़नदस्ता अंचल, पटना से करायी गयी। उड़नदस्ता से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के विभागीय समीक्षोपरान्त कार्य में पायी गयी अनियमितता के लिए विभागीय पत्रांक 317 दिनांक 18.02.10 द्वारा श्री झा से स्पष्टीकरण पूछा गया। प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं सम्यक समीक्षोपरान्त प्रथम दृष्टया प्रमाणित आरोपों के लिए निम्न आरोप गठित करते हुए श्री विभूति नाथ झा, सहायक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, दरभंगा के विरूद्व विभागीय संकल्प ज्ञापांक 1012 दिनांक 28.01.2011 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 17 के तहत विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयीः–

1. जमींदारी बांध के कार्यान्वयन हेतु दिये गये विभागीय निदेशों के आलोक में प्री लेवल की जॉच कराये बिना ही कार्य कराया गया।

2. बॉध का स्लोप विशिष्टि के अनुरूप नहीं पाया गया एवं बिना गुण नियंत्रण से जॉच कराये ही कार्यो का भुगतान किया गया हैं।

3. स्वीकृत प्राक्कलन में जंगल क्लीयरेंस हेतु अनुचित दर का प्रावधान किया गया है जिसके फलस्वरूप रू0 25361.00 राशि का अनियमित भुगतान के लिए आप दोषी हैं।

4. जॉच पदाधिकारी के द्वारा सूचित किये जाने के बावजूद आपके द्वारा जॉच कार्य में सहयोग नहीं किया गया जिसके कारण कार्यो की पूर्ण जॉच नहीं की जा सकी।

उक्त विभागीय कार्यवाही के संचालन के क्रम में ही श्री झा दिनांक 31.01.13 को सेवानिवृत हो गये। अतः उक्त विभागीय कार्यवाही को विभागीय आदेश सं0–54 दिनांक 16.5.14 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी0) में सम्परिवर्तित किया गया।

विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जॉच प्रतिवेदन में आरोपों को प्रमाणित नहीं पाया गया। प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं सम्यक् समीक्षोपरान्त जॉच प्रतिवेदन से असहमत होते हुए असहमति के निम्नांकित विन्दुओं पर विभागीय पत्रांक 616 दिनांक 22.5.14 द्वारा श्री सिंह से द्वितीय कारण पृच्छा की गयीः–

1. संचालन पदाधिकारी द्वारा उड़नदस्ता के जॉच प्रतिवेदन में प्री लेवल की जॉच विभाग द्वारा गठित जॉच दल द्वारा किये जाने का उल्लेख के आधार पर बिना प्री लेवल की जॉच का ही कार्य कराने के आरोप को प्रमाणित

नहीं माना गया है। परन्तु संदर्भित कोई साक्ष्य (जॉचित प्री लेवल बुक) न तो उड़नदस्ता दल एवं न ही आपके द्वारा उपलब्ध कराया गया है। अतः साक्ष्य विहित तथ्य को स्वीकार योग्य नहीं माना जा सकता है। इस प्रकार संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमत होते हुए आपके विरूद्व आरोप सं0–1 प्रमाणित होता है।

2. जमींदारी बॉध का कार्य राजस्थानी ट्रेक्टर से कराने, प्राक्कलन में Compaction मद का प्रावधान नहीं रहने के कारण मिट्टी के गुण नियंत्रण से जॉच का औचित्य नहीं होने तथा उड़नदस्ता द्वारा कराये गये कार्य पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं करने मिट्टी की गुणवत्ता की जॉच नहीं करने एवं पायी गयी भिन्नता मामूली एवं मान्य सीमा के अन्तर्गत माने जाने के आधार पर संचालन पदाधिकारी द्वारा आपके विरूद्व आरोप सं0–2 प्रमाणित नहीं माना गया है। परन्तु जिससे सहमत नहीं हुआ जा सकता है। शाहपुर P W D Road से बरहेता धरनी पट्टी तक जमींदारी बांध के प्राक्कलन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस बांध में 10 अद्द डबल भेट का पाईप कल्बर्ट का प्रावधान है। उक्त संरचना में कंक्रीटिंग कार्य, ब्री वर्क तथा अन्य पक्का कार्य कराया गया है। उक्त कार्य का भी गुण नियंत्रण जॉच से संबंधित कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। अतः संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमत होते हुए बिना गुण नियंत्रण से जॉच कराये ही भुगतान करने का आरोप प्रमाणित होता है।

(3) आपके द्वारा कोई ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह प्रमाणित हो सके कि प्राक्कलन में प्रावधानित जंगल क्लीयेरेंस आवश्यकता आधारित था। अतः साक्ष्य के अभाव में आपके विरूद्ध संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमत होते हुए प्राक्कलन में अनावश्यक रूप से प्रावधान कर 25,351/– रूपये का अनियमित भुगतान करने का आरोप प्रमाणित होता है।

श्री झा द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब/बचाव बयान में निम्न तथ्य अंकित किये गये हैः–

(1) प्रीलेवल की जॉच विभाग द्वारा गठित जॉच दल सं0–3 के सहायक अभियंता, बॉध एवं गेट प्रमंडल–2, पटना तथा रीडर, बाल्मी, पटना द्वारा की गयी है। जॉचित प्री लेवल बुक की छाया प्रति संलग्न की गई है।

(2) द्वितीय कारण पृच्छा के बिन्दु–2 के संबंध में श्री सिंह, कनीय अभियंता द्वारा अपने बचाव बयान में उद्धृत किया है कि यह कार्य मेरे द्वारा नहीं कराया गया है क्योंकि उक्त जमींदारी बॉध बाढ़ नियंत्रण अवर प्रमंडल, लहेरियासराय के अन्तर्गत पड़ता है।

(3) प्राक्कलन में स्थल के अनुरूप जंगल क्लीयरेंस का प्रावधान किया गया था। स्थल जॉचोपरान्त अधीक्षण अभियंता द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्य बाढ़ 2008 के पूर्व कराया गया है, एवं उड़नदस्ता 2009 में कार्य की जॉच की गयी है। अतः जॉच दल द्वारा लगाया गया आरोप वास्तविकता पर आधारित नहीं है।

श्री झा से प्राप्त द्वितीय कारण पृच्छा के उत्तर की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी। समीक्षोपरान्त बिना प्रीलेवल की जॉच कराये कार्य कराने का आरोप तथा शाहपुर पी0 डब्ल्यू0 डी0 से बरहेता धरनी पट्टी जमींदारी बॉधों में कराये गये संरचना कार्य में बिना गुण नियंत्रण की जॉच कराये भुगतान करने का आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया जबकि प्राक्कलन में अनावश्यक रूप से जंगल क्लीयरेंस का प्रावधान कर कुल 25,361/– रूपये का अनियमित भुगतान के संबंध में द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में श्री झा द्वारा कोई ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे प्रमाणित हो सके कि प्राक्कलन में जंगल क्लीयरेंस का प्रावधान आवश्यकता आधारित था। अतः श्री विभूति नाथ झा, तत्कालीन सहायक अभियन्ता सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध आरोप सं0–3 अनावश्यक रूप से प्राक्कलन में जंगल क्लीयरेंस का प्रावधान कर कुल 25,361/– रूपये का अनियमित भुगतान करने का आरोप प्रमाणित होता है।

उक्त प्रमाणित आरोप के लिए श्री विभूति नाथ झा, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा सम्प्रति सेवानिवृत को निम्न दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया हैः–

(1) पेंशन से (5) पॉच प्रतिशत की कटौती एक वर्ष के लिए।

तदालोक में उक्त दण्ड श्री विभूति नाथ झा, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा सम्प्रति सेवानिवृत को उक्त दण्ड संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
गजानन मिश्र,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 466-571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in